रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 373] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 08, 2018/आश्विन 16, 1940
No. 373] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 08, 2018/ASVINA 16, 1940

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

अधिसूचना

कोलकाता, 29 सितम्बर, 2018

सं.जी/18–सीडब्ल्यूए/9/2018.—कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स अधिनियम, 1959 की धारा 18 की उपधारा 5 के अनुसरण में 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए संस्थान की परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और उक्त संस्थान के लेखा परीक्षित लेखों को एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है।

सीएमए एल. गुरूमूर्ति, सचिव (कार्यकारी)
[विज्ञापन–III/4/असाधारण/249/18]

59वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2017–18

दि काउंसिल ऑफ द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया को इस संस्थान के भागों, समितियों, क्षेत्रों की उपलब्धियों और कियाकलापों तथा अध्यायों का उल्लेख करते हुए इस 59वीं वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वार्षिक रिपोर्ट 2017–18
निदेशालय और इसके क्रियाकलाप

➢ **पीडी और सीपीडी समिति**

- वर्ष के दौरान पीडी निदेशालय ने विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, तथा अन्य संगठनों को जी एस टी, लेखा, आंतरिक/समवर्ती लेखा परीक्षा/कराधन, स्टॉक लेखा परीक्षा और अन्य कार्यों के संबंध में व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए लागत लेखाकारों को शामिल करने के लिए 625 से अधिक अभ्यावेदन भेजे हैं।
- इस संस्थान को नियमित आधार पर विभिन्न कारपोरेट, सरकारी विभागों तथा एजेंसियों से लेखा परीक्षक/परामर्शदाता के रूप में पैनल में शामिल करने के लिए ''इच्छा की अभिव्यक्ति'' के लिए आवेदन प्राप्त होते रहे हैं। इन्हें पीडी पोर्टल पर डाला जाता है और साथ ही, सभी सदस्यों को भी आवधिक मेल के जरिए अवगत कराया जाता है।
- पीडी निदेशालय द्वारा डब्ल्यू आई आर सी और बड़ौदा चैप्टर के सहयोग से मई, 2018 में बडोदरा, गुजरात में राष्ट्रीय व्यावसायिक सम्मेलन, 2018 का आयोजन किया गया था, जिसके लिए काफी संख्या में व्यावसायिकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय व्यावसायिक सम्मेलन का मुख्य विषय ''उभरते व्यावसायिक अवसर : सीएमए की क्षमता निर्माण'' था।
- माननीय विधि एवं न्याय तथा कारपोरेट कार्य राज्य मंत्री के समक्ष संस्थान के क्रियाकलापों और मंत्रालय के पास लंबित मामलों पर एक अभ्यावेदन दिया गया था। इस संबंध में उनके विचार के लिए अभ्यावेदन पत्र भी भेजे गए थे।
- सेबी ने आर टी ए, जारीकर्ता कंपनियों और बैंकर के लिए एक मामले पर दिशा–निर्देशों और उद्योग मानकों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में परिपत्र जारी किया। सभी आर टी ए को स्वतंत्र अर्हता प्राप्त लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों अथवा चार्टर्ड एकाउंटेंट अथवा कंपनी सचिवों और प्रमाणित सूचना प्रणाली लेखा परीक्षकों (सी आई एस ए) द्वारा वार्षिक आधार पर आंतरिक लेखा परीक्षा करानी अपेक्षित है।

- पीडी निदेशालय ने औद्योगिक नीति, 2017 तैयार करने के लिए चर्चा दस्तावेज पर औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डी आई पी पी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को सुझाव भेजे हैं।

➢ **सदस्यता विभाग**

सदस्यता – डिजीटलीकरण के लिए कदम

सदस्य सुविधाएं और सेवाएं समिति के मार्ग निर्देशन में और संस्थान के अध्यक्ष की सक्रिय अगुवाई में सदस्यता विभाग ने सदस्यों और भावी सदस्यों को उनकी आंतरिक जरूरतों के संदर्भ में एक प्रत्यक्ष परस्पर संवाद डैश बोर्ड प्रणाली कार्यान्वित करके, जिसे वास्तविक समय आधार पर अद्यतन करते हुए अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए उद्यम की स्थापना की है। सदस्यता विभाग ने पहले ही वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान 2353 नए शामिल सहयोगी सदस्यों और 491 नए एडवांस फैलो सदस्यों का पंजीयन करने की उपलब्धि हासिल कर ली है। कई अन्य के लिए प्रक्रिया चल रही है। वित वर्ष 2017–18 के दौरान व्यवसाय का प्रमाणपत्र प्रदान करने के संबंध में भी उपलब्धि उल्लेखनीय रही है।

कुछ खास विशेषताओं के अलावा, जो पहले ही शुरू की जा चुकी है :

- सदस्यों द्वारा ऑनलाइन भुगतान करने में सुविधा प्रभारों/बैंक प्रभारों की माफी
- सदस्यों के लिए ई–मेल सुविधा शुरु करना

एक नई समय सीमा का प्रावधान भी शामिल किया गया है :

- सदस्यता संख्या के लिए जी एस टी संख्या को शामिल करने तथा उनकी संबंधित सदस्यता शुल्क रसीदों में इसका उल्लेख करने के लिए प्रावधान किया गया है।

https://cmaicmai.in/MMS/Login.aspx?mode=EU

➢ **अध्ययन निदेशालय**

अध्ययन निदेशालय के छात्र प्रशासन से जुड़े क्रियाकलाप और हितधारकों (अर्थात छात्रों/क्षेत्रीय परिषदों/चैप्टरों/सी एम ए एस सी) के साथ संपर्क का कार्य सौंपा गया है जबकि शैक्षणिक विभाग को गुणवत्तापरक सुधारों और कौशल विकास के उपायों के माध्यम से क्षमता निर्माण का कार्य सौंपा गया है। ऐसे भी कई क्रियाकलाप हैं, जिनके लिए दोनों विभागों का संयुक्त योगदान था और प्रभावी रुप से पर्यवेक्षण किया गया था।

वर्ष 2017–18 में अध्ययन निदेशालय के निष्पादन की विशेषताएं :

1. विगत वर्ष के दौरान छात्रों की संख्या में वृद्धि 25.33% है (फाउंडेशन और इंटरमीडिएट स्तर के प्रवेश, दोनों पर विचार करते हुए)।
2. **गुणवत्ता सुधारों के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए किए गए पहल प्रयास :**
   - i. इंटरमीडिएट और फाइनल स्तर के लिए प्रत्यक्ष करों और अप्रत्यक्ष करों के लिए संशोधित अध्ययन सामग्रियां
   - ii. इंटरमीडिएट और फाइनल स्तर के लिए वर्क बुक (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष के अलावा)
   - iii. इंटरमीडिएट और फाइनल स्तरों के लिए संशोधित परीक्षा पत्र (आर टी पी)
   - iv. फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और अंतिम स्तर के लिए मॉक टेस्ट पेपर (एम टी पी)
3. **छात्रों के लिए सहायक सेवा**
   - i. एस एम एस और मेल के माध्यम से छात्रों के साथ नियमित पत्राचार
   - ii. प्रवेश पत्र जारी करने और परीक्षाफल की घोषणा करने के पूर्व परीक्षा संबंधी आपेक्षाओं का पालन न करने के लिए छात्रों को एस एम एस
   - iii. जून, 2018 की अवधि के लिए पंजीकृत सभी छात्रों के लिए डिजीटल प्रिंटेड फोटो लेमिनेटेड छात्र पहचान पत्र का मुद्रण और वितरण
   - iv. देश भर में कैरियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
4. **सामाजिक दायित्व**
   - i. इस पाठ्यक्रम को करने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की एक पहल के रुप में संस्थान ने शुल्कों की वापसी अथवा माफी की एक योजना शुरु की है। यह लाभ आवेदन करने और निर्धारित शर्त को पूरा करने पर ही उपलब्ध है।
   - ii. आर्थिक रुप से कमजोर मेधावी छात्रों के लिए शुल्क माफी और छात्रवृत्ति उपलब्ध है। आर्थिक रुप से कमजोर मेधावी छात्रों की सहायता के लिए संस्थान के पास वित्तीय सहायता योजनाएं हैं।
5. अध्ययण सामग्रियों को भेजने में लागत प्रबंधन अनुप्रयोग

➢ **कर अनुसंधान विभाग (टीआरडी)/कराधान समिति**

क. <u>वेबिनार :</u>

विभाग द्वारा आयोजित वेबिनारों की संस्थान के सदस्यों द्वारा काफी सराहना की जाती है। सदस्यों के बीच नए करों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए इस फोरम की काफी सराहना की गई है और संस्थान से काफी अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। संस्थान की वेबसाइट पर कराधान पोर्टल के तहत रिकार्ड की गई वेबिनार भी उपलब्ध है।

ख. <u>सेमीनार और कार्यशालाएं :</u>

चैप्टरों के सहयोग से विभाग द्वारा आयोजित समिनारों की सूची :

छोटे चैप्टरों को समय–समय पर विभिन्न सेमिनार आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु टी आर डी ने पहल शुरु की है और वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 8 सेमिनार आयोजित किए गए हैं।

- ✓ राउरकेला चैप्टर के सहयोग से निदेशालय ने दिनांक 11 मार्च, 2018 को सदस्यों और छात्रों के लिए जी एस टी पर पूर्ण दिवसीय सत्र का आयोजन किया था।
- ✓ निदेशालय ने सेरमपोर चैप्टर के साथ दिनांक 11 मार्च, 2018 को उनके रजत जयंती कार्यक्रम के अवसर पर जी एस टी पर छात्रों और सदस्यों के लिए सेमिनार का आयोजन किया था।
- ✓ कराधान अनुसंधान निदेशालय द्वारा दिनांक 9 और 10 मार्च, 2018 को बालासोर, ओडिसा में कार्यशाला में भागीदारों के रुप में हमारे सदस्यों के साथ एफ एम विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए वस्तु और सेवा कर शुरु करने के संबंध में राष्ट्रीय परस्पर चर्चा सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- ✓ जी एस टी पर दिनांक 4 फरवरी, 2018 को राउरकेला में आयोजित बजट सेमिनार की प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई। जी एस टी – ई वे बिल रोड अहैड पर एक अन्य सेमिनार को प्रतिभागियों से अत्यंत सराहना प्राप्त हुई।
- ✓ छात्रों और सदस्यों के लिए जी एस टी सेमिनार विषय पर माह जनवरी और फरवरी, 2018 में साउथ ओडिसा में बजट सेमिनार का आयोजन किया गया।
- ✓ ''जी एस टी कार्यान्वयन और चुनौतियां'' विषय पर दिनांक 23 दिसंबर, 2017 को सिलीगुड़ी चैप्टर में सेमिनार सफलतापूर्वक पूरा किया।

ग. <u>जी एस टी परिषद को अभ्यावेदन</u>

संस्थान के कर अनुसंधान विभाग ने जी एस टी प्रणाली के तहत रिटर्न के संशोधन और सरलीकरण के लिए जी एस टी एन को विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

घ. <u>जी एस टी हैल्प डेस्क</u>

संस्थान ने जी एस टी में एक बाधारहित कार्य के लिए सभी हितधारकों के लिए पूरक सुविधा के रुप में एक नए डिजीटलयुक्त वातावरण में 'जी एस टी हैल्प डेस्क' शुरु की है।

ड. <u>टैक्स बुलेटिन</u>

अक्तूबर, 2017 में विभाग के लिए ''पखवाड़ा टैक्स बुलेटिन'' की शुरुआत करना एक अन्य विशेषता है।

च. <u>बजट पूर्व ज्ञापन</u>

विभाग ने वित्त मंत्रालय को बजट पूर्व ज्ञापन 2018–19 प्रस्तुत किया है और बजट पूर्व ज्ञापन पर प्रस्तुति की है।

छ. <u>गैर–मुनाफाखोरी पुस्तिका</u>

विभाग ने गैर–मुनाफाखोरी पर मार्ग निर्देशन नोट शुरु किया है। यह पुस्तिका जी एस टी परिषद के सदस्यों और राष्ट्रीय गैर–मुनाफाखोरी प्राधिकरण जांच समिति के सभी सदस्यों को परिचालित की गई।

ज. <u>साधन संपन्न व्यक्तियों का योगदान</u>

कर अनुसंधान विभाग के पास एक साधन–संपन्न व्यक्तियों का समूह है जो लगातार सहायता प्रदान करता है और आवश्यकता के अनुसार अपने ज्ञान, विशेषज्ञता को साझा करता है।

झ. <u>जी एस टी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम</u>

उन्नत अध्ययन बोर्ड के सहयोग से कर अनुसंधान विभाग ने समूचे भारत में ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यम से जी एस टी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का पहला बैच सफलतापूर्वक पूरा किया ।

➢ **आंतरिक नियंत्रण विभाग**

- विभाग ने आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए लेखा परीक्षा के दायरे सहित इच्छा की अभिव्यक्ति तैयार की है और तीन क्षेत्रीय परिषदों और 25 लाख रु. से अधिक के कारोबार वाले 9 चैप्टरों के आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की है।
- वित्त वर्ष 2017–18 के लिए प्रबंधन के उत्तर सहित 3 क्षेत्रों और 9 चैप्टरों की आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट का संकलन किया ।
- निविदा दिशा–निर्देशों, डी ओ पी और जी एफ आर के तहत विभिन्न विभागों से तैयार विभिन्न खरीद प्रस्तावों की जांच की गई ।

आंतरिक लेखा परीक्षा परिणामों और मामले के समाधान के लिए परामर्शी उपायों के बारे में संगत विभागों के साथ–साथ मुख्यालय के आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ भी विचार–विमर्श किया गया ।

➢ **सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**

संस्थान ने न केवल क्षमता में सुधार लाने और हितधारकों को सेवा प्रदान करने के लिए बल्कि हितधारकों के साथ बातचीत बढ़ाने के लिए भी सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग किया।

अध्ययन तक पहुंच : सदस्यों और छात्रों के लिए एक ऑनलाइन हैल्पलाइन शुरु की गई थी ताकि छात्र और सदस्य संबंधित सेवा विभागों तक प्रभावी रुप से पहुंच सकें जिससे छात्रों/सदस्यों की समस्याओं का हल निकालने के लिए अपेक्षित समय में कमी आएगी।

डाटा डेश बोर्ड : विभिन्न विभागों के डाटाबेश को जोड़ने और उनके काम में मदद करने वाले संबंधित कार्मिकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए एक ऑनलाइन डाटा डेश बोर्ड विकसित किया गया।

अनुसंधान सर्वेक्षण : इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने और सर्वे करने के लिए फार्म तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों की सहायता की गई ।

वेबिनार : सदस्यों और छात्रों, दोनों के हित के विभिन्न विषयों पर वेबिनार का आयोजन करने के लिए विभिन्न विभागों और समितियों को सहायता प्रदान की गई।

उन्नत अध्ययन पोर्टल : अनेक ऐसे पाठ्यक्रम शुरु करने में उन्नत अध्ययनों में सहायता की, जो वीडियो लैक्चर और वेबिनार सहित विषय सामग्री और लैक्चर प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करते हैं। एक पुनः डिजाइन किया गया पोर्टल शुरु किया गया था, जिससे छात्रों को लॉगिन सुविधा प्रदान करता है और पाठ्यक्रम के प्रबंधन में सहायता प्रदान की जाती है।

आयोजन पोर्टल और वेबकास्ट : आंतरिक टीम ने प्रमुख राष्ट्रीय आयोजनों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया और इन आयोजनों के सीधे वेबसाइट के लिए भी व्यवस्था की गई ताकि छात्र और सदस्य, जो ऐसे आयोजकों में नहीं जा सके, वे आयोजनों का सीधा प्रसारण देख सकें। ऐसे कुछ आयोजनों का सीधा प्रसारण इस प्रकार था :

- राष्ट्रीय लागत सम्मेलन, 2018
- अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, 2018
- छात्र दीक्षांत समारोह, 2018
- प्लेटिनम जुबली समारोह, 2018

एच आर आई एस : मानव संसाधन सूचना प्रणाली (एच आर आई एस) का आगे विस्तार किया गया ताकि कर्मचारियों के संबंध में अनेक एच आर और प्रशासन संबंधी कार्यों तथा संस्थान द्वारा की गई भर्तियों का स्वचलन हो सके।

सदस्यों के लिए पे टी एम सुविधा : सदस्यों को पे टी एम का उपयोग करके उनका वार्षिक सदस्यता शुल्क का भुगतान करने के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई।

➢ वर्ष 2017–18 के दौरान भारतीय प्रतियोगिता आयोग के साथ क्रियाकलापों पर रिपोर्ट

संस्थान को प्रतियोगिता संबंधी मामलों पर प्रतियोगिता सलाह देने, जन जागरूकता लाने और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारतीय प्रतियोगिता आयोग के साथ सहयोग करने पर खुशी है। हम 'क्षमता निर्माण' कार्य के द्वारा अपने व्यावसायिकों तक पहुंचने के लिए इस अवसर का लाभ उठाते हैं।

➢ आंतरिक शिकायत समिति

जैसा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत परिकल्पना की गई है, दिनांक 1.1.2017 से 31.12.2017 तक की अवधि के लिए संस्थान की आंतरिक समिति की वार्षिक रिपोर्ट इस प्रकार है :

वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2017 तक) प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या	शून्य
वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2017 तक) निपटाई गई शिकायतों की संख्या	2
90 दिनों से अधिक तक लंबित मामलों की संख्या	शून्य
यौन उत्पीड़न (1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2017 तक) के संबंध में कार्यशालाओं अथवा जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	शून्य

➢ अनुशासनिक निदेशालय

1. लागत और कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 क तहत अनुशासन बोर्ड
2. लागत और कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 ख तहत अनुशासनिक समिति

➢ उन्नत अध्ययन

संस्थान ने उन्नत अध्ययन निदेशालय की स्थापना की है, ताकि वित्त और अन्य संगत विषयों सहित लागत और प्रबंधन लेखांकन के विभिन्न क्षेत्रों पर उन्नत ज्ञान और विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

पाठ्यक्रमों के बारे में

01. कारोबारी मूल्यांकन में कार्यकारी डिप्लोमा
02. इंजीनियरों के लिए लागत एवं प्रबंधन लेखांकन में कार्यकारी डिप्लोमा
03. आर्बिट्रेशन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
04. वस्तु और सेवा कर (जी एस टी) में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

➢ जर्नल और प्रकाशन

तिमाही ''रिसर्च बुलेटिन'' और मासिक ''द मैनेजमेंट अकाउंटेंट'' जर्नल का नियमित प्रकाशन

एन सी सी के लिए स्मारिका – 2018

जर्नल और प्रकाशन निदेशालय ने मार्च, 2018 में नई दिल्ली में आयोजित 58वें राष्ट्रीय लागत सम्मेलन के लिए स्मारिका तैयार की। इसकी प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा काफी सराहना की गई।

जर्नल के पाठकों में वृद्धि

प्रबंधन लेखाकार जर्नल अब समूचे विश्व के 92 देशों में उपलब्ध है और हम विश्व के अन्य भागों में इसकी वृद्धि करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

एप्स की उपलब्धता

प्रबंधन लेखाकार जर्नल अब अन्य पक्षकारों अर्थात मैग्जटर और रीडव्हेयर के माध्यम से पढ़ने के लिए एप्स पर उपलब्ध हैं और हम अन्य मंचों पर मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन्हें सूचीबद्ध करने का भी प्रयास कर रहे हैं।

आत्मनिर्भरता के आधार पर मुद्रित हार्ड कॉपी

प्रबंधन लेखाकार जर्नल अब उच्च गुणवत्ता के ग्लोसी पेपर प्रिंटेड हार्ड कॉपी में उपलब्ध है और संस्थान के सभी सदस्यों, यूजीसी से अनुमोदित विश्व विद्यालयों तथा कॉलेजों में वितरित किए गए हैं। यह जर्नल सभी प्रतिष्ठित हस्तियों और मंत्रालयों को भी वितरित किया जाता है। हमें पाठकों, मुख्यतः विश्व के अन्य भागों से भारी मात्रा में प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।

रिसर्च बुलेटिन – संस्थान का ध्यानपूर्वक समीक्षा किया गया तिमाही जर्नल

रिसर्च बुलेटिन खंड 43, सं. II, जुलाई, 2017, विषय रहित अंक प्रकाशित, खंड – 43 सं. III, अक्तूबर, 2017 का विषय एडवांस्ड फाइनेंसियल मैनेजमेंट था; खंड 43, सं. IV, जनवरी, 2018 अंक पुनः बिना विषय का था, खंड 44 संख्या I, बिना विषय का अंक शीघ्र प्रकाशित किया जाएगा।

➢ **प्रशिक्षण, प्लेसमेंट और काउंसलिंग**

- प्लेसमेंट निदेशालय उद्योग की जरुरतों के अनुसार छात्रों को तैयार करने के लिए कारपोरेट सेक्टर के साथ गहन कार्य करता है। संस्थान का प्लेसमेंट सेल सभी सीएमए छात्रों को 100% प्लेसमेंट सहायता प्रदान करने का प्रयास करता है, और उन्हें प्लेसमेंट पूर्व अवस्था में सहायता मार्ग निर्देश और मदद प्रदान करता है, जो कि उन्हें अच्छी नौकरी मिलने में काफी मददगार होता है।
- संस्थान ने अखिल भारतीय आधार पर जून, 2017 अवधि परीक्षा में अर्हता प्राप्त सीएमए के लिए कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित किया और करीब 170 सीएमए को कैंपस प्लेसमेंट दिया गया।
- दिसंबर, 2017 अवधि के अर्हता प्राप्त सीएमए के लिए सीएमए कैंपस प्लेसमेंट अभियान देश भर में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- माह अप्रैल–मई, 2018 के दौरान अखिल भारतीय प्लेसमेंट ड्राइव के आधार पर 250 नवोदित सीएमए को विभिन्न नई कंपनियों में प्लेसमेंट दिया गया।
- इस वर्ष संस्थान ने अर्हता प्राप्त सी एम ए को अच्छी नौकरी के अवसर प्रदान करने में सुविधा के लिए पहली बार अखिल भारतीय आधार पर ग्रीष्मकालीन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम आयोजित किया।

➢ **लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण पत्र (सी ए टी)**

वर्ष 2008 में रोजगार अभिमुखी पाठ्यक्रम के रुप में 12वीं (10+2) पास और पूर्व स्नातकों के लिए लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण पत्र (सी ए टी) पाठ्यक्रम शुरु किया गया था ताकि युवाओं के बीच रोजगार के योग्य कौशल विकसित करने में देश के समक्ष आ रही भारी चुनौती का सामना किया जा सके क्योंकि युवाओं के पास मौजूद कौशलों और देश के लिए अपेक्षित कौशलों के बीच भारी अंतर है। इस भारी चुनौती को देखते हुए कई राज्य सरकारों और केंद्र सरकार ने युवाओं के बीच रोजगार के योग्य कौशलों पर ध्यान देना शुरु कर दिया है। संस्थान ने देश के ऐसे क्षेत्रों, जहां तक पहुंच नहीं हो पाई है, के लिए लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण पत्र (सी ए टी) पाठ्यक्रम शुरु करके लेखांकन के महत्वपूर्ण क्षेत्र में युवाओं के बीच कौशलों का विकास करने में ठोस और नवीन उपाय किए हैं।

यह पाठ्यक्रम कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के परामर्श से शुरु किया गया है। लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण पत्र (सी ए टी) प्राप्त छात्रों को लेखाओं के रख–रखाव, कर विवरणी तैयार करने, कंपनी अधिनियम के तहत विवरणी दाखिल करने, आयकर अधिनियम के तहत विवरणी भरने, जी एस टी, सीमा शुल्क अधिनियम, निर्यात एवं आयात संबंधी दस्तावेज इत्यादि के संबंध में जानकारी हो जाती है।

हम निम्नलिखित एजेंडा के लिए प्रतिबद्ध हैं :

- अन्य राज्यों में लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण पत्र (सी ए टी) पाठ्यक्रम का विस्तार
- सी ए टी पाठ्यक्रमों की विषय–वस्तु में सुधार और निरंतर निगरानी करना
- सी ए टी छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अवसरों में सुधार लाना
- जहां तक नहीं पहुंच पाए हैं, वहां पहुंचना

➢ **सचिवालय विभाग**

- सचिवालय विभाग को विभिन्न विभागों/निदेशालयों, विभागों के अध्यक्ष, समिति सचिवों के बीच समन्वय के साथ–साथ क्षेत्रों और चैप्टरों के साथ चुनावों, बैठकों आदि के अयोजन, विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों तथा प्राधिकरणों के साथ निर्यातक रुप से संपर्क बनाए रखने से संबंधित क्रियाकलाप सौंपे गए हैं।
- सदस्यता अभियान से संबंधित कार्य।
- लागत सम्मेलन, वैश्विक शिखर सम्मेलन, पुस्तक मेले, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, छात्र दीक्षांत समारोह इत्यादि से संबंधित कार्य, जब भी जरुरत हो।
- आर टी आई और अनुशासन संबंधी मामलों और उनके उत्तर देना।
- विभिन्न विभागों/निदेशालयों से प्राप्त एम आई एस को समेकित करना ।

➢ **परीक्षा निदेशालय**

परीक्षा निदेशालय द्वारा वर्ष 2017 में आयोजित परीक्षाओं का सार नीचे दिया गया है। फाउंडेशन, इंटरमीडिएट, फाइनल और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए जून और दिसंबर माह में अर्थात वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की गई। जून, 2017 और दिसंबर, 2017 में 3 विदेशी केंद्रों सहित 117 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। 3 विदेशी केंद्रों सहित कुल 117 परीक्षा केंद्र थे। जून, 2017 अवधि में कुल 47,865 परीक्षार्थी थे और दिसंबर, 2017 में परीक्षा में 50,241 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा संबंधित की सक्रिय सहायता से सभी परीक्षाओं के परिणाम निर्धारित समय अवधि के अनुसार और मानकों का पालन करते हुए सुचारु रुप से प्रकाशित किए गए। जून, 2017 और दिसंबर, 2017, दोनों अवधियों की परीक्षा के लिए अंकों के सत्यापन का परिणाम संस्थान की वेबसाइट (www.icmai.in) पर डाले गए।

➢ **तकनीकी निदेशालय की कियाकलाप रिपोर्ट**

- **लागत लेखांकन मानक बोर्ड**

बोर्ड ने देश में जी एस टी के कार्यान्वयन को देखते हुए सी ए एस–4 में संशोधन किया। इस मामले के संबंध में बोर्ड ने एक छोटा समूह गठित किया ताकि बोर्ड की बैठक में चर्चा करने के लिए संशोधित सी ए एस – 4 के प्रारुप को अंतिम रुप दिया जा सके। बोर्ड ने सी ए एस बी की बैठक में प्रारुप पर चर्चा की और प्रारुप को अंतिम रुप देने के लिए विचार–विमर्श अभी चल रहा है।

- **लागत लेखा परीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड**

सरकार द्वारा अनुमोदित 4 एस सी ए के संबंध में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ ए क्यू) तैयार करने का निर्णय लिया और इसके लिए सदस्यों के बीच लागत लेखा परीक्षा के संबंध में मानकों पर बुनियादी जागरूकता कार्यक्रम लाने का भी निर्णय लिया है।

- **लागत लेखा परीक्षा, अनुपालन और अन्य के संबंध में तकनीकी प्रकोष्ट**

तकनीकी प्रकोष्ट ने लागत रिकार्ड, लागत लेखा परीक्षा और लागत नियमों के संबंध में सदस्यों के प्रश्नों के उत्तरों पर चर्चा की और उन्हें अंतिम रुप दिया।

- **अन्य महत्वपूर्ण कार्य**

तकनीकी विभाग ने कंपनी (लागत रिकार्ड और लेखा परीक्षा) संशोधन नियमावली, 2017 का विस्तृत विश्लेषण तैयार किया और उसे वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

➢ विधि विभाग

विधि विभाग के क्रियाकलाप (2017–18)

संस्थान का विधि विभाग संस्थान के विभिन्न निदेशालयों और विभागों की कानूनी सहायता की जरुरत पड़ने पर सुविधा प्रदान करता है। वर्ष 2017–18 की अवधि के दौरान विभाग के प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :

1. वकीलों के साथ संपर्क/समन्वयन
2. अखिल भारतीय आधार पर पैनलबद्ध वकील
3. समझौता ज्ञापन और विभिन्न करारों का प्रारुप तैयार करना
4. संपत्ति से संबंधित मामलों में चैप्टरों और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना
5. निविदा की निबंधन एवं शर्तों की पुनरीक्षा करना
6. विवाद होने पर भेजे जाने वाले उत्तरों का प्रारुप तैयार करना/पुनरीक्षा करना ।
7. कारपोरेट कार्य मंत्रालय और अन्य प्राधिकरणों के साथ संपर्क स्थापित करने/बातचीत करने के लिए संबंधित प्राधिकरणों की सहायता करना ।

➢ अंतर्राष्ट्रीय कार्य विभाग

दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एस ए एफ ए)

सी एम ए डॉ. पी वी एस जगन मोहन राव, केंद्रीय परिषद सदस्य को दिनांक 20 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित की गई संस्थान की परिषद बैठक में सार्क के एक शीर्ष निकाय दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एस ए एफ ए) के उपाध्यक्ष के पद के लिए चुना गया है और दिनांक 1 जनवरी, 2018 से प्रभार ग्रहण कर लिया है।

वर्ष के दौरान विभाग ने दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एस ए एफ ए) की बैठकों का समन्वयन किया और उन्होंने एस ए एफ ए सदस्य निकायों द्वारा आयोजित किए गए सम्मेलनों में भी भाग लिया।

एशियाई और प्रशांत लेखाकार संघ (सी ए पी ए)

विभाग ने वर्ष के दौरान एशियाई और प्रशांत लेखाकार संघ (सी ए पी ए) की बैठकों का समन्वयन किया जिनमें संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार संघ (आई एफ ए सी)

विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार संघ (आई एफ ए सी) की बैठकों में समन्वयन किया और परिषद के सदस्यों के लिए संस्थान का प्रतिनिधित्व करने की व्यवस्था की गई।

- अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार संघ (आई एफ ए सी) ने बेल्जियम में दिनांक 15–16 नवंबर, 2017 के दौरान इसकी सामान्य परिषद बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय मामलों और स्थायित्व समिति के अध्यक्ष ने इस बैठक और आयोजन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।
- परिषद के सदस्य जो आई ए एफ सी कारोबार में व्यावसायिक लेखाकारों (पी ए आई बी) की समिति के भी सदस्य हैं, के साथ उसके परिषद सहयोगियों ने तकनीकी सलाहकार के रुप में न्यूयार्क में 27 और 28 मार्च, 2018 को आयोजित समिति की बैठक में भाग लिया।

➢ अध्यक्ष का कार्यालय

दिल्ली और कोलकाता स्थित अध्यक्ष का कार्यालय संस्थान के अध्यक्ष की ओर से संस्थान के विभागों और बाह्य एजेंसियों के साथ विभिन्न क्रियाकलापों का समन्वयन करने में सहायता प्रदान करता है। यह क्रियाकलापों में प्रत्यक्ष रुप से शामिल नहीं होता लेकिन अप्रत्यक्ष रुप से समन्वयन में आसानी के लिए अध्यक्ष कार्यालय ने कई कार्य किए हैं। विभाग ने परिषद सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों तथा संस्थान के उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गए विभिन्न कार्य, जॉब भी पूरे किए हैं। कुछ प्रमुख पहल–प्रयास इस प्रकार हैं :

- **58 वां लागत सम्मेलन**
- **आईईसी बैठकों के लिए समन्वयन**
- **मंत्रालयों, सरकारी विभागों और एजेंसियों के साथ पत्राचार**
- **अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को तकनीकी सहायता**
- **संस्थान के सभी प्रमुख आयोजनों के लिए सहायता**

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

1. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (''संस्थान'') के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिनमें संस्थान की परिषद द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र और तत्समय समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना, जिसमें कुल 169.03 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियां तथा कुल 58.09 करोड़ रुपए का राजस्व (अंतर–क्षेत्रीय/चैप्टर लेन–देनों) दर्शाते हुए मुख्यालय के लेखा शामिल है। अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 9.76 करोड़ रूपए का कुल राजस्व तथा 38.45 करोड़ रुपए की कुल परिसंपत्तियां दर्शाते हुए 4 क्षेत्रीय परिषदों यथा उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी), पूर्व भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी), पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यूआईआरसी) और दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद (एसआईआरसी) के लेखापरीक्षित लेखों को भी समाविष्ट किया गया है।

वित्तीय विवरण में 7 चैप्टरों के लेखों, जो लेखा परीक्षकों द्वारा शामिल नहीं किए गए हैं, सहित 92 चैप्टरों के वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनमें समन्वित क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों के शासी निकायों द्वारा संस्थान के चैप्टरों कानूनों के खंड 26 और आईसीडब्ल्यूए विनिमय 1959 के विनियम 133 के अनुसार अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 95.21 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियां और 20.56 करोड़ रुपए का राजस्व (प्रतिपूर्ति सहित) दर्शाया गया है, जिनकी रिपोर्ट संस्थान के प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत की गई है। 7 चैप्टरों पर 4.05 करोड़ रुपए की कुल परिसंपत्तियां और 1.17 करोड़ रुपए का राजस्व दर्शाते हुए हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों में 3 चैप्टरों के लेखा परीक्षित लेखे शामिल नहीं हैं जिनके लिए लेखा परीक्षित लेखे प्राप्त नहीं हुए हैं। नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार नवीनतम लेखा परीक्षित लेखों के संबंध में तुलन पत्र के आंकड़े शामिल किए गए हैं–

क्रम सं.	चैप्टर का नाम	अंतिम लेखा परीक्षित लेखे वित्तीय वर्ष 2017–18 में समेकन के प्रयोजन से शामिल हैं
1	जबलपुर चैप्टर	वर्ष 2015–16*
2	गाजियाबाद चैप्टर	वर्ष 2013–14
3	भद्रावती–सिमोगा चैप्टर	वर्ष 2015–16

* चैप्टर द्वारा सूचित किया गया कि पूर्व दो वर्षों में कोई वित्तीय लेन–देन नहीं है। संस्थान के 2017–18 के समेकित वित्तीय विवरणों में 85 लेखा परीक्षित चैप्टर शामिल हैं जिनमें से 26 चैप्टरों की लेखा परीक्षा सनदी लेखाकारों द्वारा की गई है और उन सब चैप्टरों के लेखा परीक्षा लागत लेखाकारों द्वारा की गई है।

2. वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेवारी

संस्थान का प्रबंधन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेवार है जो भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार संस्थान की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन तथा नकद प्रवाह का सही एवं उचित दृष्टिकोण बताते हैं। इस जिम्मेवारी में संस्थान की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड का रख–रखाव तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकना तथा उनका पता लगाना, समुचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं अनुप्रयोग, उपयुक्त तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेना और आंकलन करना तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का कार्यान्वयन तथा रख–रखाव, जो सही एवं उचित दृष्टिकोण बताने वाले वित्तीय विवरणों की तैयारी तथा प्रस्तुती से संगत लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचालित हो रहे थे और वास्तविक गलत विवरण से मुक्त हैं, शामिल हैं।

3. लेखा परीक्षक की जिम्मेवारी

3.1 हमारी जिम्मेवारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है। हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम इस बात का उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक गलतबयानी से मुक्त हैं, नैतिक अपेक्षाओं का पालन करते हैं और लेखा परीक्षा की योजना बनाकर उसे संपन्न करते हैं।

3.2 किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में धनराशि एवं प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। चुनी गई प्रक्रियाएं धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में वास्तविक गलतबयानी के जोखिम के निर्धारण सहित लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर होती हैं। इन जोखिमों का निर्धारण करने में लेखा परीक्षक परिस्थितियों में उपयुक्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए संस्थान के वित्तीय विवरणों को तैयार करने तथा उसे प्रस्तुत करने के लिए संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार करता है। किसी लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखा नीतियों के औचित्य तथा प्रबंधन द्वारा लगाए गए लेखा अनुमानों की तर्कसंगतता एवं वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह संस्थान के वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे योग्य लेखा परीक्षा मत के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त आधार प्रदान करता है।

4. <u>मामला पैराग्राफ का जोर</u>

हम हमारे द्वारा जोर दिए जाने के लिए अपेक्षित संस्थान के वित्तीय विवरण के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। हमारा मत इन मामलों के संबंध में योग्य नहीं है:

1. 6 अक्तूबर, 2015 को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक में दिए गए निर्णय के आधार पर इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) के मामले में और क्रमशः 22.11.2015, 27.11.2015 और 25.05.2016 को आयोजित क्षेत्रीय परिषद की बैठकों में, जिसकी पुष्टि की गई, वर्ष 2014–15 के लिए तत्कालीन अध्यक्ष पर 41.44 लाख रुपए की राशि का एक डेबिट नोट दिया गया है। क्षेत्रीय परिषद ने अपनी 31.05.2017 की बैठक में 41.44 लाख रुपए और 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज (3.31 लाख रुपए) की राशि कुल 44.75 लाख रुपए वर्ष 2014–15 के लिए तत्कालीन अध्यक्ष से वसूल किए जाने योग्य होने वाली राशि उस तारीख से लेने के लिए वसूली दावा दायर करने का निर्णय लिया, जिसे राजस्व लेखे में बुक नहीं किया गया है क्योंकि ऐसी वसूलियों के लिए दावा माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर किया गया है और निर्णय लंबित है।
   उपर्युक्त ऋणों सहित एनआईआरसी लेखों में इसे शामिल करना पहले उल्लिखित माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दायर रिट याचिका के अध्यधीन हैं।
2. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) के मामले में 1,55,130/– रुपए की बकाया कर मांग है। चूंकि, एनआईआरसी आय कर अधिकारियों के साथ मामला उठा रहा है, अतः दंडात्मक ब्याज, जो देय हो सकता है, के संबंध में बहियों में प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि एनआईआरसी का यह मत है कि ऐसी मांगें वैध नहीं हो सकतीं क्योंकि उनमें संशोधन और आय कर विभाग के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने की आवश्यकता है, यद्यपि, बकाया मांग के लिए प्रावधान/समायोजन लेखा बहियों में किए गए हैं।
3. 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार, 1,15,10,266/– रुपए की राशि का जीएसटी इनपुट ऋण का शेष आय एवं व्यय खाते में लगाया गया है।
4. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) के मामले में शिकायत संख्या कॉम/21–सीडब्ल्यूए(9) 2010 में अनुशासनिक समिति के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी 27 मई, 2015 के आदेश द्वारा लागत एवं कर लेखाकार (व्यावसायिक एवं अन्य कदाचार तथा मामलों के आचार की जांच की प्रक्रिया) नियमावली, 2007 के नियम 19(1) के साथ पठित सीडब्ल्यूए अधिनियम, 1959 की धारा 231ख(3) के अनुसार सदस्य के विरुद्ध निम्नलिखित आदेश लगाए गए थे:
   - "सदस्य की प्रताड़ना
   - आदेश दिए जाने के 30 दिनों के भीतर दी जाने वाली संस्थान के ईआईआरसी को 64,461/– रुपए की पूरी राशि तथा जुर्माने की समतुल्य राशि का पुनर्भुगतान
   - आदेश देने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए सदस्य का रजिस्टर से नाम हटाना"
5. तद्नुसार, 1,22,922/– रुपए संबंधित व्यक्ति से वसूल किए जाने थे। भारत के लागत एवं लेखाकार संस्थान के अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर की गई थी और उपर्युक्त अपील प्राधिकारी ने लागत एवं कार्य लेखाकार अधिनियम की धारा 22(ङ) की उप धारा (2) के खंड (ग) के तहत इस उपर्युक्त प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश 09/04/18 के द्वारा उपर्युक्त अपील प्राधिकारी ने उन निर्देशों के पूरा होने तक संस्थान की अनुशासनिक समिति द्वारा जारी अनुचित आदेश के प्रचालन को स्थगित कर दिया है जिनके लिए मामला आदेश दिनांक 09/04/2018 के पैरा (12) के तहत उल्लिखित प्रयोजन के लिए और नया आदेश जारी करने के लिए उपर्युक्त कार्रवाई करने हेतु भारत के लागत लेखाकार संस्थान की अनुशासनिक समिति को भेजा जा रहा है।

4. <u>योग्य मत का आधार</u>

1. 7 चैप्टरों और 1 क्षेत्रीय परिषदों से संबंधित 57.73 लाख रूपए मूल्य के फ्रीहोल्ड तथा पट्टे वाली भूमि और भवनों के संबंध में कोई हस्तांतरण विलेख हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया।
   10 चेप्टरों और 3 क्षेत्रीय परिषदों के संबंध में संस्थान के नाम पर फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड भूमि तथा भवन के 107.99 लाख रूपए मूल्य के मूल हस्तातंरण विलेख हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए।
   183.4 लाख रूपए मूल्य की 14 संपत्तियों के विलेख कास्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स रेगुलेशन, 1959 के विनियम 85(1)(ई) एवं 99(एफ) के उल्लंघन में अभी भी चेप्टरों के नाम पर हैं जिसमें 172.08 लाख रू0 मूल्य की 12 संपत्तियां शामिल हैं, जिनके लिए मूल हस्तांतरण विलेख हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए।
2. कम नोट की गई यूनिटों से संबंधित भूमि एवं भवन की मूल 'टाइटल डीड' संस्थान के प्रबंधन के पास नहीं थी क्योंकि वह उनः हस्तगत नहीं की गई है। इसके ब्यौरे इस रिपोर्ट के 'परिशिष्ट–क' के रूप में संलग्न हैं। अतः हम संस्थान द्वारा धारित वास्तविक रूप से भूमि एवं भवन की टाइटल के स्तर के संबंध में टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।
3. इंदौर नगर निगम (आईएमसी) ने संपत्ति के अधिग्रहण से इंदौर संस्थान चैप्टर के नाम पर कोई संपत्ति कर बिल नहीं दिया है। इसके परिणामस्वरूप चैप्टर के बहीखातों में कोई भुगतान/प्रावधान नहीं माना गया है। यह 2005–06 से 2017–2018 तक 1,74,859/– रुपए की राशि का है।

चूंकि, प्रश्नगत संपत्ति नगरीय कर के अधीन है, अतः लेखांकन के प्रोद्भवन आधार के मद्देनजर उपर्युक्त संपत्ति पर नगरीय कर के लिए प्रावधान उसके अधिग्रहण से ही चैप्टर के बहीखातों में माना जाना चाहिए। अतः हम वर्तमान लेखा एवं चैप्टरों में पड़े उपर्युक्त शेष की शुद्धता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

4. आरसी और चैप्टरों में चालू खातों के अंतर्गत दर्शाई गई 404.08 लाख रुपए की राशि के विरुद्ध क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों से कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है।
5. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) के मामले में 1,60,44,103/– रुपए की पूंजीगत डब्ल्यूआईपी 2014–15 से तुलन पत्र में दर्शाई गई है। यद्यपि, उपर्युक्त मदें वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान पहले ही प्रयोग में रखी गई थीं, इस अभिवृद्धि पर कोई मूल्यह्रास नहीं किया गया है। इससे राजस्व व्यय कम हुआ है और अचल परिसंपत्तियां अधिक हैं जिसकी मात्रा निर्धारित नहीं की गई है।
6. संस्थान ने भुगतान के आधार पर अवकाश नकदीकरण का हिसाब लगाया है। लेखांकन के प्रोद्भवन आधार के अनुसार अवकाश नकदीकरण का प्रावधान प्रत्येक वर्ष के लिए माना जाना चाहिए था जो 31 मार्च, 2018 तक नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप, उस समाप्त वर्ष के लिए संस्थान के अधिशेष का विवरण अधिक हुआ है।
7. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) और भारतीय स्टेट बैंक, हरीश मुखर्जी रोड शाखा, कोलकाता–700025 के बीच 31 दिसंबर, 2012 को अपार्टमेंट के लीज करार की समाप्ति और 31 मार्च, 2018 तक उसका नवीनीकरण न किए जाने के फलस्वरूप पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद को न तो 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष तक भारतीय स्टेट बैंक से कोई किराया प्राप्त हुआ और न ही भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा ने उपर्युक्त संपत्ति को खाली किया। इसके परिणामस्वरूप, 01 जनवरी, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए से 31 मार्च, 2018 तक के लिए राजस्व की हानि है।
8. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) के मामले में 10,74,311/– रुपए के विभिन्न ऋण पिछले तीन वर्षों से समायोजित नहीं किए गए/वसूल नहीं किए गए हैं जो कि पुनर्समाधान एवं पुष्टि के अध्यधीन हैं। संस्थान ने इन ऋणदाताओं के विरुद्ध बुरे एवं संदिग्ध ऋणों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। अतः हम उन ऋणदाताओं के शेष की वसूली के संबंध में और संस्थान के वित्तीय विवरण पर उसके परिणामी प्रभाव के संबंध में कुछ सुनिश्चित करने अथवा टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।
9. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) के मामले में 13,10,101/– रुपए की राशि के अन्य अग्रिम पिछले तीन वर्षों से अधिक की अवधि के लिए समायोजित नहीं किए गए/वसूल नहीं किए गए हैं। संस्थान ने समायोजित न किए गए/वसूल न किए गए अग्रिमों के विरुद्ध कोई प्रावधान नहीं किया है। उपर्युक्त के मद्देनजर हम इन अन्य अग्रिम शेष की शुद्धता तथा वसूली और संस्थान के वित्तीय विवरणों पर इसके परिणामी प्रभाव के संबंध में टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं।
10. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद (एसआईआरसी) के कोचीन चैप्टर द्वारा चलिकावट्टम, ग्रामीण व्यायनशाला रोड, विटिला, एर्नाकुलम में भवन के निर्माण के लिए दी गई कार्य संविदा के मामले में, अवार्ड देने वाला उस कार्य संविदा के लिए कर की कटौती (डब्ल्यूसीटी) के लिए जिम्मेदार है क्योंकि उसमें सामग्री की आपूर्ति और श्रम, दोनों शामिल होते हैं। कोचीन चैप्टर जब तक संबंधित संविदाकारों से प्रपत्र सं. 1ईई में प्रमाण–पत्र प्राप्त न किया जाए, उनको भुगतान करने से पूर्व उनसे कार्य संविदा कर की कटौती करने और भुगतान करने के लिए जिम्मेदार है। 64,11,743 रुपए की राशि की कर संविदाओं के मामले में प्रपत्र संख्या 1ईई प्राप्त नहीं किया गया है। उपर्युक्त पर कार्य संविदा कर की देनदारी 5,13,000/– रूपए + ब्याज की होगी। इस चैप्टर में डब्ल्यूसीटी पंजीकरण नहीं दिया है, जैसा कि सभी संविदाकार कर विभाग में पंजीकृत होते हैं और प्रपत्र 1ईई प्रस्तुत करने के लिए सहमत हैं।
11. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद (एसआईआरसी) के कोचीन चैप्टर का भूमि कर का भुगतान 1992 में भूमि की खरीद के वर्ष से लंबित है।
12. संस्थान अपनी मालसूची में 2012 से 38,73,847/– रुपए की राशि के सिलेबस और कॉम्पैक्ट डिस्क का पुराना स्टॉक लिए हुए है। चूंकि, उपर्युक्त सामान अब प्रयोग करने योग्य नहीं है, अतः उसे 'आय एवं व्यय लेखा' के माध्यम से बट्टे खाते में डाला जाना चाहिए था।
13. यह पाया गया है कि परीक्षाएं आयोजित करने के लिए परीक्षा केंद्र को किए गए अग्रिम भुगतान के मामले में संस्थान आय एवं व्यय खाते के माध्यम से उन अग्रिमों को चार्ज करने की परिपाटी अपनाता है। आय एवं व्यय खाते के माध्यम से अग्रिमों का भुगतान करने से यूनिट का व्यय अधिक दर्शाया गया है।

    यह भी पाया गया है कि आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 194ग के तहत उस अग्रिम के भुगतान से टीडीएस नहीं काटा गया है।
14. दिल्ली (मुख्यालय) के 3,31,677/– रुपए की राशि के विविध ऋण पिछले तीन वर्षों से समायोजित नहीं किए गए हैं/वसूल नहीं किए गए हैं जो पुनर्समाधान और पुष्टि के अध्यधीन हैं। संस्थान ने इन ऋणों के विरुद्ध बुरे तथा संदिग्ध ऋण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है।
15. आईसीएआई के पटना चैप्टर के लिए नया परिसर लेने हेतु 2013 में मैसर्स नैग्री बिल्डर एंड डेवलेपर्स प्रा. लि. को 1,25,00,000/– रुपए का अग्रिम दिया गया था, जो पूंजीगत डब्ल्यूआईपी के रूप में दर्शाया गया था। 31 मार्च, 2018 तक इस प्रकार के कोई परिसर अधिग्रहित नहीं किए गए हैं। तथापि, 01.03.2018–31.03.2018 के लिए दिनांक 5.5.2018 को 5,00,000/– रुपए (आरडीबी समरी रिपोर्ट (अन्य)) वापस किए गए थे और शेष 1,20,00,000/– रुपए जेवी/पटना डब्ल्यूआईपी/17–18 दिनांक 31.03.2018 द्वारा 'पटना भूमि के लिए अग्रिम' में अंतरित किए गए थे।
16. इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यूआईआरसी) के मामले में 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार वसूल किए जाने वाले दावों और सस्पेंस दावों (क्रेडिट) लेखों में कुछ समाधान न किए गए शेष हैं। इनके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं–

लेखा शीर्ष	राशि (रुपए)
प्राप्य दावे	21,58,741 डेबिट
वास्तुकार से प्राप्य दावे	67,30,000 डेबिट
सस्पेंस दावे (2013–2014):	20,77,565 क्रेडिट
सस्पेंस दावे (2014–2015):	81,176 क्रेडिट
सस्पेंस दावे – वास्तकार:	67,30,000 क्रेडिट

उन बकाया शेष की पुष्टि न किए जाने के मद्देनजर, हम उन शेष राशि की परिशुद्धता और संस्थान के वित्तीय विवरण पर उसके परिणामी प्रभाव के संबंध में सुनिश्चित करने तथा टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं।

प्रबंधन ने 31 जुलाई, 2015 को हुई अपनी 294वीं परिषद बैठक में यह मत दिया था कि ये प्राप्य लेखे पूर्णतः वसूली योग्य हैं।

17. संस्थान की पूरी आय में से केवल सदस्यता शुल्क, उन्नत अधीन और एनसीसी जीएसटी के अधीन हैं, अतः आनुपातिक इनपुट जीएसटी आउटपुट कर निर्धारित करते समय प्राप्त किया जाना है, परंतु 2017–18 में पूरा आउटपुट उपलब्ध इनपुट के विरुद्ध रखा गया है। इस इनपुट को ठीक करने के लिए 49,48,660/– रुपए की राशि का क्रेडिट वापस किया गया है जिसके परिणामस्वरूप 49,48,660/– रुपए और संबंधित ब्याज की राशि के जीएसटी का कम भुगतान हुआ है।

18. चैप्टर के उप नियमों के खंड 18 के अनुसार चैप्टर की प्रबंधन समिति वार्षिक आम बैठक में चैप्टरों के लेखा परीक्षित लेखों को स्वीकार करेगी। तथापि, निम्नलिखित पांच चैप्टरों के लिए उनकी वार्षिक आम बैठक में स्वीकार न किए गए लेखों के माध्यम से समेकन के लिए विचार किया जाता है।

क. आगरा मथुरा,
ख. बोकारो
ग. नया नांगल
घ. जयपुर क्योंझर
ङ. जमशेदपुर

योग्य राय :

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वित्तीय विवरणों के ''योग्य मत पैराग्राफ के लिए आधार'' में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों को छोड़कर, अपेक्षित तरीके से सूचना प्रदान करते हैं और 31 मार्च, 2018 एवं उसके अधिशेष तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसके नकद प्रवाह की स्थिति के अनुसार इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के कार्यों की स्थिति के इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और उचित दृष्टिकोण देते हैं।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

उपर्युक्त के अध्यधीन हम रिपोर्ट देते हैं कि:

(क) हमने सभी सूचना और स्पष्टीकरण मांगे हैं और प्राप्त कर लिए हैं, जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार कुछ छोटे चैप्टरों के मामलों को छोड़कर हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे;

(ख) हमारी राय में कानूनन अपेक्षित समुचित लेखा बहियां दि इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा रखी गई हैं, जैसा कि इन बहियों की हमारी जांच से स्पष्ट है (और हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन से क्षेत्रों और जिन चैप्टरों का हमने दौरा नहीं किया है, वहां से समुचित रिटर्न प्राप्त हो गए हैं, जब तक कि उपरोक्त पैरा 1 में अन्यथा न कहा जाए)

(ग) संबंधित क्षेत्रों और चैप्टरों के लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित, संस्थान के क्षेत्रीय और चैप्टर कार्यालयों के लेखों की रिपोर्ट जैसा हमें प्राप्त हुई थी, इस रिपोर्ट को तैयार करने में समुचित विचार किया गया है।

(घ) उपरोक्त पैरा में हमारे मत के लिए आधार में उल्लिखित हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन हम रिपोर्ट देते हैं किं तुलन पत्र, आय और व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण क्षेत्रों व जिन चैप्टरों का हमने दौरा नहीं किया है, उनसे प्राप्त लेखा बहियों और रिटर्न के अनुसार है।

कृते बी एम चत्रथ एंड कं. एलएलपी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएनः 301011ई/ई00025

तारीखः 29.09.2018
स्थानः कोलकाता

सीए संजय सरकार
भागीदार
सदस्यता संख्याः 064305

परिशिष्ट–क

क्रम सं.	नाम	डीड की स्थिति	विवरण
फ्रीहोल्ड भूमि और भवन			
1	अहमदाबाद (फ्लैट सं. 303)	कोई डीड नहीं	कोई डीड नहीं
2	बड़ौदा (फोनिक्स कॉम्प्लेक्स)	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत और संस्थान के सचिव द्वारा हस्ताक्षरित
3	भोपाल	कोई डीड नहीं	बिक्री करार की फोटोप्रति। चैप्टर के नाम पर पंजीकृत और चैप्टर के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित
4	कल्याण – अमरनाथ (फ्रीहोल्ड भूमि 2007–08)	कोई डीड नहीं	कोई डीड नहीं
5	नासिक ओझर (फ्लैट 308, 309, 310)	फोटोप्रति	चैप्टर के नाम पर पंजीकृत और संस्थान के वरिष्ठ निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित
6	दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद (एसआईआरसी) – चेन्नई	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत
7	बैंगलोर	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत और संस्थान के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित
8	तिरूचिरापल्ली	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत और सचिव द्वारा हस्ताक्षरित
9	त्रिवेंद्रम	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत और चैप्टर के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित
10	पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) – कोलकाता	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत
11	आसनसोल	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर पंजीकृत
12	धनबाद – सिंद्री	फोटोप्रति	चैप्टर के नाम पर पंजीकृत। चैप्टर के उपाध्यक्ष द्वारा निष्पादित।
13	सेरमपोर	फोटोप्रति	हस्तांतरण करार। चैप्टर के नाम पर पंजीकृत। चैप्टर के अध्यक्ष द्वारा निष्पादित।
14	रांची	फोटोप्रति	चैप्टर के नाम पर पंजीकृत। चैप्टर के सचिव द्वारा निष्पादित।
15	चंडीगढ़ पंचकुला	कोई डीड नहीं	कोई डीड नहीं
16	गोवा	फोटोप्रति	संस्थान के नाम पर प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि।
17	सूरत दक्षिण (फ्लैट सं. 220)	फोटोप्रति	प्रमाणित प्रति प्राप्त। चैप्टर के नाम पर पंजीकृत। चैप्टर के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित नहीं।
